<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 01.09.2026 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर का धनबाद दौरा; झरिया मास्टर प्लान के तहत बेलगड़िया पुनर्वास स्थल का लिया जायजा, विस्थापितों के लिए बनेगी मॉडल टाउनशिप।
- सुप्रीम कोर्ट ने नीट आंदोलन के छात्रों को दी बड़ी राहत; देश भर की सभी प्राथमिकियां बंद करने का आदेश, आत्महत्या करने वाले परीक्षार्थियों के परिजनों को मिलेगा मुआवजा।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आईआईटी मंडी के निदेशक और आईएफएस अधिकारी ने की मुलाकात; राज्य में एआई, रोबोटिक्स और स्किल डेवलपमेंट पर हुई चर्चा।
- भाजपा ने घुसपैठ और परिसीमन को लेकर राज्य सरकार को घेरा; नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और अमर बाउरी ने उठाए गंभीर सवाल।
- रांची समेत राज्य के कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी, पलामू रेलखंड पर पटरी डूबी, दो घंटे बाधित रहा रेल परिचालन, चार सितंबर तक भारी बारिश का अलर्ट।

*******************

प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे हैं। आज उन्होंने झरिया मास्टर प्लान के तहत बेलगड़िया पुनर्वास स्थल का निरीक्षण किया और विस्थापितों से सीधा संवाद किया। श्री कपूर ने बेलगड़िया को मॉडल टाउनशिप के रूप में विकसित करने और वहां रोजगार के लिए टेक्सटाइल यूनिट स्थापित करने की योजना पर जोर दिया।

*******************

सर्वोच्च न्यायालय ने देश भर में नीट पेपर लीक प्रदर्शनों से जुड़ी सभी प्राथमिकियां बंद करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने अनुच्छेद 142 के तहत विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह फैसला सुनाया। हालांकि, जंतर–मंतर पर संगीन मामलों वाले दो हजार 873 लोगों के खिलाफ जांच जारी रहेगी। केंद्र सरकार ने आत्महत्या करने वाले परीक्षार्थियों के परिवारों के लिए तीन महीने में मुआवजा नीति बनाने का आश्वासन दिया है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज रांची के कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रोफेसर लक्ष्मीधर बेहरा और आईएफएस अधिकारी अंजू रंजन ने अलग–अलग शिष्टाचार मुलाकात की। प्रो० बेहरा ने मुख्यमंत्री को चार सितंबर को रांची में आयोजित होने वाले इस्कॉन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महामहोत्सव का आमंत्रण दिया। इस दौरान राज्य में युवाओं के स्किल डेवलपमेंट, एआई और रोबोटिक्स के माध्यम से आर्थिक समृद्धि की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

*******************

राज्य में कथित बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर भाजपा ने आक्रामक रुख अपनाते हुए सरकार पर निशान साधा है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर संथाल परगना के सीमावर्ती जिलों में विशेष जांच की मांग की है। वहीं, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने आंकड़ों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि झामुमो–कांग्रेस की वोट बैंक राजनीति के कारण आदिवासियों की आबादी घटकर 28 प्रतिशत रह गई है।

*******************

इधर, भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस और झामुमो से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। रांची में प्रेस वार्ता आयोजित कर उन्होंने कहा कि नए परिसीमन से राज्य में आदिवासियों और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।

*******************

भर्ती व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर जारी भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा आज नौवें दिन धनबाद पहुंची। बलियापुर में छात्र नेता देवेंद्र महतो ने युवाओं से पढ़ो और लड़ो के नारे को बुलंद करने का आह्वान किया। उन्होंने पेपर लीक पर रोक लगाने और नौकरी की दुकान चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

*******************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने हजारीबाग का दौरा कर मत्स्य पालन योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मुनका बगीचा में बायोफ्लॉक तकनीक से हो रहे मछली उत्पादन की जानकारी ली। मंत्री ने कहा कि यह आधुनिक विधि युवाओं को आत्मनिर्भर बना रही है और सरकार मत्स्य उत्पादकों को हर संभव मदद देगी।

*******************

डुमरी विधायक जयराम महतो आज एक पुराने मामले में चतरा व्यवहार न्यायालय पहुंचे, जहां सुनवाई के बाद उन्हें जमानत मिल गई। यह मामला बिना अनुमति के जनसभा को संबोधित करने से जुड़ा था। कोर्ट से बाहर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए उनके खिलाफ यह विवाद खड़ा कर रही है।

*******************

पूर्वी सिंहभूम जिले में अपराध नियंत्रण और पुलिस गश्त को तेज करने के लिए पुलिस बेड़े में 40 नए बोलेरो वाहन शामिल किए गए हैं। गोलमुरी पुलिस केंद्र में आयोजित एक कार्यक्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. ऐहतेशाम वकारिब ने इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन अत्याधुनिक वाहनों को हाईवे पेट्रोलिंग, महिला सुरक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों में त्वरित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया जाएगा।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पलामू, गढ़वा, लातेहार, रांची और जमशेदपुर सहित कई जिलों में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने चार सितंबर तक 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और वज्रपात की चेतावनी देते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

*******************

पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के मोहम्मदगंज और कोशिआरा स्टेशन के बीच भारी बारिश के कारण डाउन रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया। सुरक्षा के मद्देनजर इस रूट पर दो घंटे तक रेल परिचालन प्रभावित रहा। आहार का पिंड टूटने से पटरी पर पानी आ गया था, जिसे दोबारा बहाल कर दिया गया है।

*******समाप्त********